बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-538
23/08/2026

# तीन माह में माटी कला बोर्ड का गठन किया जायेगा, प्रजापति समाज को आगे बढ़ाने तथा न्याय दिलाने के लिये हम खड़े हैं :– मुख्यमंत्री

## मुख्य बिन्दु :–

- मुख्यमंत्री ने अमर शहीद रामचंद्र विद्यार्थी को श्रद्धांजलि अर्पित की। अमर शहीद रामचंद्र विद्यार्थी का जीवन और उनका बलिदान हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान को याद करना और उनके आदर्शों को नई पीढ़ी तक पहुंचाना हम सभी का दायित्व है।
- प्रजापति वह समाज है, जो सामान्य मिट्टी से सुंदर समाज गढ़ने का काम करता है। यह समाज को सजाने–संवारने, एक सुंदर स्वरूप देने और बिहार को खड़ा करने वाला समाज है।
- कुम्हार (प्रजापति) समाज की पारंपरिक कला एवं हुनर को संरक्षण और प्रोत्साहन देने पर जोर। माटी कला को आधुनिक तकनीक, प्रशिक्षण एवं बेहतर बाजार से जोड़ने की पहल।

पटना, 23 अगस्त 2026 :– मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी ने आज श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल में बिहार कुम्हार (प्रजापति) समन्वय समिति द्वारा आयोजित अमर शहीद रामचन्द्र विद्यार्थी जी का शहादत दिवस तथा नवनिर्वाचित विधान पार्षदों के अभिनंदन समारोह का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने अमर शहीद रामचन्द्र विद्यार्थी जी चित्र पर पष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुये मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार कुम्हार (प्रजापति) समन्वय समिति द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में आप सभी का अभिनंदन करता हूं। इस अवसर पर अमर शहीद रामचन्द्र विद्यार्थी जी के प्रति श्रद्धा–सुमन अर्पित करता हूं। 13 वर्ष की आयु में अमर शहीद रामचन्द्र विद्यार्थी जी ने देश की आजादी के लिये अपने प्राणों की आहूति दी। अमर शहीद रामचंद्र विद्यार्थी जी का जीवन और उनका बलिदान हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान को याद करना और उनके आदर्शों को नई पीढ़ी तक पहुंचाना हम सभी का दायित्व है। आज तीन वीर शहीदों को याद करने का दिन है। पंडित राजकुमार शुक्ल जी और अमर शहीद रामफल मंडल जी को भी श्रद्धा–सुमन अर्पित कर उन्हें नमन करता हूं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रजापति समाज कैसे आगे बढ़े, इसकी चिंता हमलोग कर रहे हैं। प्रजापति समाज वह समाज है जो साधारण मिट्‌टी को भी गढ़कर मूर्ति का रूप देता है। कुम्हार (प्रजापति) समाज ने अपनी कला, श्रम और हुनर के माध्यम से सदियों से हमारी संस्कृति और परंपरा को समृद्ध किया है। बिहार को सजाने–संवारने तथा विकास की नई रूप

रेखा तैयार कर आगे बढ़ाने के लिये हम सबको मिलकर काम करना होगा। इस प्रजापति समाज से हमारी दो बहनें श्रीमती शीला पंडित और श्रीमती शिवरानी प्रजापति जी को विधान पार्षद के रूप में जिम्मेवारी मिली है। हमारा इनसे आग्रह है कि आप लोगों के बीच जाकर इस समाज के विकास और न्याय के लिये जो भी बन पड़े, वह करें। जहां जरूरत होगी, इस समाज को आगे बढ़ाने तथा न्याय दिलाने के लिये हम खड़े हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार की माटी कला हमारी समृद्ध लोक एवं पारंपरिक संस्कृति का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इस पारंपरिक कला को संरक्षण एवं प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से अगले तीन माह में माटी कला बोर्ड का गठन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि माटी कला बोर्ड के माध्यम से कुम्हार (प्रजापति) समाज एवं माटी कला से जुड़े कारीगरों के हित में योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जाएगा। कारीगरों को आधुनिक तकनीक एवं प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के साथ उनके उत्पादों के बेहतर विपणन और बाजार उपलब्ध कराने की दिशा में भी पहल की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार समाज के सभी वर्गों के विकास, सम्मान और सशक्तीकरण के लिए प्रतिबद्ध है। बिहार के सभी लोगों को 125 यूनिट बिजली दी जा रही है। वृद्धा पेंशन की राशि 400 रूपये से बढ़ाकर 1100 रूपये की गयी है। सहयोग शिविर के माध्यम से किसी समस्याओं का समाधान के लिये दिये जाने वाले आवेदनों का निष्पादन 30 दिनों के अंदर किया जा रहा है। 30 दिनों के अंदर जो भी अधिकारी, कर्मचारी आवेदन पर आदेश नहीं देते हैं तो उन पर कार्रवाई करने का प्रावधान है। अब तक साढ़े छह लाख आवेदनों का निष्पादन किया जा चुका है। कोसी, गंडक, गंगा नदी के दोनों किनारों को व्यवस्थित करना है। युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिये सरकार लगातार काम कर रही है। 1 करोड़ 81 लाख बहनों के खाते में मुख्यमंत्री रोजगार योजना के तहत 10 हजार रूपये की राशि अंतरित की गयी है ताकि वे अपना रोजगार शुरू कर सकें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी जी के विकसित भारत तथा पूर्व मुख्यमंत्री आदरणीय श्री नीतीश कुमार जी के समृद्ध बिहार के सपनों  को पूरा करने के लिये हम सभी को एकजुट होकर काम करना होगा। बिहार को आगे बढ़ाने के लिये हम सभी को काम करने की गति और बढ़ानी होगी।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री को अंगवस्त्र, प्रतीक चिह्न एवं पुष्प–गुच्छ भेंटकर स्वागत किया गया।

इस अवसर पर खान एवं भूतत्व सह कला एवं संस्कृति मंत्री डॉ0 प्रमोद कुमार, राज्यसभा सांसद डॉ0 भीम सिंह, विधायक श्री आलोक सिंह, विधायक श्री वशिष्ठ सिंह, विधान पार्षद श्रीमती शीला पंडित, विधान पार्षद श्रीमती शिवरानी प्रजापति, बिहार कुम्हार (प्रजापति) समन्वय समिति के प्रदेश अध्यक्ष श्री रूपेश कुमार पंडित, (प्रजापति) समन्वय समिति के प्रदेश महामंत्री श्री प्रजापति पिंटू गुरू जी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

******